दिनांक 14 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान	स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा विशेष अभियान के तहत की जा रही है सड़क, नाली की सफाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा विशेष अभियान के तहत आज जोन क्रमांक 6 रिसाली में नाली, सड़क, झाड़ी, मोहल्ले की सफाई का कार्य किया गया! निगम प्रशासन लगातार सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सफाई अभियान चला रहा है, गंदगी से होने वाली बीमारियों के बचाव एवं रोकथाम के उपाय से भी अवगत करा रहा है! आज रिसाली जोन के वार्ड 60 हिंद नगर एवं वार्ड 63 बस्ती में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें कुल 40 सफाई कर्मचारियों ने सफाई का कार्य को अंजाम देते हुए सफाई किया!
एस.बी.एम. गैंग एवं स्वच्छता के अतिरिक्त गैंग द्वारा हिंद नगर , मुक्तिधाम रोड, स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के पीछे तलाब के समीप, रूआबांधा वार्ड 63 में शीतला तालाब के समीप व पृथक्करण केंद्र के आसपास रोड, वार्ड 60 कृष्णा टॉकीज रोड की नाली सफाई , सड़क सफाई, झाड़ी सफाई का कार्य किया गया!

सफाई कार्य के उपरांत नाली, सड़क सफाई के कचरे को ट्राली से उठाकर निर्धारित स्थल पर डंप किया गया साथ ही सफाई स्थलों पर आवश्यकता अनुरूप कीटनाशक दवाई का छिड़काव भी किया गया!